20-7-24:Layout 1 1/1/2025 2:16 AM Page 3



# छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया

जनपद श्रावस्ती श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद श्रावस्ती, श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम एवं यातायात की टीम द्वारा सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली मृत्यु को कम करने के उद्देश्य से मल्हीपुर चौराहे पर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को रोककर यातायात नियमों के संबंध में जागरूक करने के साथ-साथ यातायात नियमो से संबंधित पम्पलेट्स वितरित किये गए। आमजन एवं छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के संबंध में जागरुक करते हुए बताया गया कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं चालक के लापरवाही एवं असावधानियां के वजह से होती है जिससे बचने के लिए हमें सड़क सुरक्षा के सभी उपायों को अपनाना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। प्रभारी यातायात द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए बताया गया कि जो गलती हमने वर्ष 2024 में की है वह गलती 2025 में नहीं दोहराएंगे तथा यातायात नियमों के पालन करेंगे यह प्रण सभी लोग कर लें दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे, मोबाइल फोन से बात करते हुए वाहन नही चलाएंगे, निर्धारित गति से तेज वाहन नहीं चलाएंगे साथ ही यातायात चिन्हों के बारे में बताते हुए यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरूक किया गया।



# बच्चों के चार अधिकार के बारे में जानकारी दी गई

जनपद बहराइच देहात इंडिया के तत्वाधान में ब्लॉक चित्तौरा जनपद बहराइच के ग्राम पंचायत कल्पीपारा के पंचायत भवन में ᑉ किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सुरक्षा) अधिनियम 2015 में उल्लिखित उपबंध के आधार पर "ग्राम स्तरीय हित धारकों के साथ संवेदीकरण कार्यशाला" का आयोजन किया गया । उपरोक्त में बच्चों से जुड़े मुद्दों के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई देहात संस्था के अवधेश चन्द्र मिश्र ने संस्था का परिचय व कार्यो के बारे में चर्चा करते हुए इस बैठक का मूल उद्देश्य सभी हितधारकों को एक मंच पर एकत्रित होकर बाल विवाह,बाल श्रम एवं मानव तस्करी साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना है, तथा निराकरण भी निकालना है, जिससे कि एक ऐसे समाज का निर्माण हो, कि बच्चा अपने अधिकारों को मनोरंजन करते हुए जीवन व्यतीत करें और जिम्मेदार नागरिक बने। बच्चों के चार अधिकारों जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इन अधिकारों का हनन होने से बच्चों का जीवन प्रभावित होता है । उप निरीक्षक शिवम् कुमार कनौजिया, चौकी प्रभारी गल्ला मंडी ने बाल श्रम, एवं बाल विवाह पर चर्चा करते हुए बताया कि समाज में बच्चों की कम उम्र में शादी करना व बच्चों द्वारा बाल श्रम करवाना बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा शिक्षा में सबसे बड़ा बाधक होता है। जिसे समाप्त करने में मदद करना समुदाय के लोगों का भी दायित्व होता है इसलिए बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों को काम करने हेतु न भेजकर उन्हें पढ़ाई करने हेतु प्रेरित करना चाहिए।क्योंकि बच्चे जब पढ़ेंगे तभी उनका विकास संभव है।और इस प्रकार के शोषण में सजा एवं जुमार्ना का भी प्रावधान है।




ग्राम विकास अधिकारी कैलाश नाथ ने निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधान आवास योजना पर चर्चा किया। प्रोग्राम एसोसिएट रचना मिश्रा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्शरशिप योजना पर विस्तृत चर्चा किया। अवधेश चन्द्र मिश्र ने अटल आवासीय विद्यालय के संदर्भ में चर्चा करते हुए बताया कि ऐसे परिवार जिनका श्रमिक पंजीकरण है उनके बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने में वरीयता दी जाती है अतः ऐसे परिवार जो मजदूरी करते है वे अपना श्रमिक पंजीकरण अवश्य करवाएं। गांव की महिला पूनम पाल ने आवास के संदर्भ में चर्चा चर्चा करते हुए आवास की मांग किया जिसके संदर्भ में ग्राम विकास अधिकारी कैलाश नाथ ने बताया कि अभी आवास योजना के आवेदन हेतु वेबसाइट नहीं चल रही है जैसे साइट चलेगी, पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इसी के बैठक का समापन किया गया।

बैठक में देहात संस्था से अवधेश चन्द्र मिश्र, रचना मिश्रा, ग्राम प्रधान छैबासी देवी प्रतिनिधि, ग्राम विकास अधिकारी कैलाश नाथ, अध्यापिका समर फिरदोश,आंगनबाड़ी,मंजू देवी,सरोज गौड़,आशा शांति देवी, ग्राम रोजगार सेवक मदन चन्द्र, पंचायत सहायक समूह की महिलाएं, बच्चे, अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# बालश्रम,बालविवाह करना व करवाना कानूनन अपराध है-: ओंकार नाथ चौधरी

**ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान द्वारा बालश्रम,बालविवाह,बाल तस्करी रोकथाम हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया**

जनपद बलरामपुर ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में विकास खण्ड तुलसीपुर पंचायत भवन सभागार देवनगर जनपद बलरामपुर में बालश्रम,बालविवाह, बाल तस्करी रोकथाम हेतु कार्यशाला का आयोजन



किया गया उपरोक्त में बच्चों से जुड़े मुद्दों के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के संस्था प्रमुख श्री ओंकार नाथ चौधरी जी ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य बाल विवाह, बालश्रम,बाल यौन शोषणों,बाल तस्करी साइबर अपराध से संबंधित मुद्दे पर चर्चा करना है तथा निराकरण भी निकालना है। बाल श्रमिक विद्या योजना बच्चों के लिए बहुत अच्छी योजना चल रही हैं जो बच्चों को जरूरत मंद एवं निराश्रित बच्चों को मदद करती हैं बालश्रम,बाल विवाह जैसे अपराध से बच्चों को बचाने की अपील किया गया सभी हेल्पलाइन नंबरों 1098, 112, 1076, 181, 1930, 1090 की जानकारी दी गई। संस्था प्रमुख श्री ओंकार नाथ चौधरी ने बताया कि बच्चों को विद्यालय भेंजे बालश्रम बालविवाह करना व करवाना कानूनन अपराध है इसे रोकना चाहिए जिससे बच्चों के भविष्य पर प्रभाव न पड़े

इस कार्यक्रम में थाना तुलसीपुर से उपनिरीक्षक श्री रणविजय सिंह, थाना हरैया से उपनिरीक्षक श्री परदेशी, थाना हरैया से महिला आरक्षी पूजा चौधरी, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान के महिला एवं बाल संरक्षण कार्यक्रम समन्वयक श्री उमेश कुमार चौधरी, इन्द्रदेव प्रजापति, ओमप्रकाश, विक्रम चौधरी, राजेश्वरी प्रसाद,जुवेदा खातून, पूनम मिश्रा, प्रतिभा मिश्रा, मोहिनी गुप्ता, संजना जायसवाल, प्रिया सिंह, शीला मौर्या, रूबी बानो, खुशबू चौधरी, सीमा देवी, रिंकू देवी मौर्या, उर्मिला मौर्या, रिंकू यादव, दुर्गा प्रसाद सोनी, निशा चौधरी आदि के साथ-साथ 32 प्रतिभागी मौजूद रहे

# पूर्व मंत्री डीपी यादव ने जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित कर दी नए साल की शुभकामनाएं

## गरीब और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और कल्याण पर दिया जोर

नोएडा के श्री कृष्णा इंटर कॉलेज, गढ़ी चौखंडी में नए साल की पूर्व संध्या पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और प्रसिद्ध कारोबारी डीपी यादव ने प्रदेश में चल रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद बच्चों को कंबल वितरित किए। साथ ही उन्होंने अपने साथियों और क्षेत्रवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

गरीब बच्चों को शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने का आह्वान

कार्यक्रम के दौरान डीपी यादव ने कहा कि गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के बच्चों को समान अवसर प्रदान करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के उन बच्चों को, जो किसी न किसी कारणवश शिक्षा में पीछे रह गए हैं, मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "हम सभी को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन बच्चों को न केवल अच्छी शिक्षा मिले, बल्कि उनकी बुनियादी जरूरतें, जैसे कपड़े और किताबें भी पूरी हों।" उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि बच्चों को एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देना समाज और देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यादव ने कहा कि जब नौनिहाल अच्छे स्वास्थ्य और शिक्षा से सुसज्जित होंगे, तो समाज का भविष्य उज्जवल होगा।



### श्री कृष्णा इंटर कॉलेज की सराहना

कार्यक्रम के अंत में, डीपी यादव ने श्री कृष्णा इंटर कॉलेज के मैनेजमेंट और प्रधानाचार्य पूनम सिंह, कोषाध्यक्ष आर एन यादव, सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं सहित छात्र-छात्राओं को धन्यवाद और शुभकामनाएं दीं । उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि यह विद्यालय आने वाले समय में गरीब, मजदूर और आम मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेगा और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार करेगा।"

# भाजपा के सात मंडल अध्यक्ष के नाम घोषित-

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा महानगर में भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है सोमवार को नोएडा भाजपा के सात मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित कोई गए।

जिनमें नीरज चौधरी को अटल बिहारी वाजपेई मंडल, रामकिशन को श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल, मनीष तिवारी को कृष्णानगर मंडल, शशिधर उपाध्याय को दीनदयाल उपाध्याय मंडल, प्रदीप चौहान को सैनिक बिहार मंडल व गौतम शर्मा को शहीद भगत सिंह मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया,



भाजपा नोएडा महानगर अध्यक्ष ने बताया कि मंडलों के चुनाव अधिकारी ने सभी आवेदनों को भाजपा हाईकमान द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी व कौशांबी के पूर्व सांसद विजय सोनकर जी को सौंपा गया था। मंडल में तीन तीन लोगों का पैनल बनाकर प्रदेश हाईकमान को भेजा गया,वहां से एक नाम पर मोहर लगाकर मंडल के अध्यक्ष की घोषणा सोमवार को प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्रनाथ पाण्डेय जी ने की इसके मंडल अध्यक्षों को बंधाई देने वाले का तांता शुरू हो गया।

# श्रृंगार, देशभक्ति और हास्य की टीएमयू में बही बयार

**दैनिक समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का भव्य पंडाल श्रृंगार, राष्ट्रभक्ति और हास्य का साक्षी बना। स्टुडेंट्स से खचा-खच भरे इस पंडाल में देश के युग कवि डॉ. कुमार विश्वास के संग-संग दीगर कवियों और शायरों ने देर रात अपने कलाम से युवाओं का दिल जीत लिया। इन सशक्त हस्ताक्षरों ने हास्य से गुदगुदाया तो कभी सियासी तंज कसा। प्रेम गीतों के जरिए युवाओं के दिल के तारों को छेड़ा तो कभी राष्ट्रभक्ति की अलख जगाई। युग कवि डॉ. कुमार विश्वास ने मंचासीन होते ही मुरादाबाद की सरजमीं को नमन करते हुए जिगर मुरादाबादी, हुल्लड़ मुरादाबादी, माहेश्वर तिवारी का भावपूर्ण स्मरण किया। इससे पूर्व दीक्षांत समारोह के क्रम में आखिरी दिन आयोजित कवि सम्मेलन का मंडलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह, कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, युग कवि डॉ. कुमार विश्वास के संग-संग हास्य कवि श्री अनिल अग्रवंशी, शायरा श्रीमती मुमताज नसीम, युवा कवियत्री सुश्री साक्षी तिवारी, हास्य कवि श्री कुशल कुशलेंद्र आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शंखनाद किया। इस मौके पर कुलाधिपति ने सभी कवियों का माल्यार्पण करके शाल ओढ़ाई एवम् स्मृति चिन्ह भेंट किए। कवि सम्मेलन में फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इनके अलावा एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के संग-संग आला प्रशासनिक अधिकारी, निर्यातक, शहर के गणमान्य व्यक्ति आदि भी उपस्थित रहे। संचालन की जिम्मेदारी का निर्वाहन डॉ. कुमार विश्वास ने किया।

युगकवि डॉ. कुमार विश्वास ने अपने नए और पुराने गीतों से समां बांधा।

मैं अपने गीत-गजलों से उसे पैगाम करता हूं,
उसी की दी हुई दौलत उसी के नाम करता हूं।
हवा का काम है चलना, दिए का काम है जलना,
वो अपना काम करती है, मैं अपना काम करता हूं...

कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है,
मगर धरती की बैचेनी को बस बादल समझता है।
मैं तुझसे दूर कैसा हूं, तू मुझसे दूर कैसी है,
ये तेरा दिल समझता है, या मेरा दिल समझता है।




किसी के दिल की मायूसी जहां से होकर गुजरी है,
हमारी सारी चालाकी वहीं पर खोकर गुजरी है।

जवानी में कई गजलें अधूरी छूट जाती हैं,
कई ख्वाहिश तो दिल ही दिल में पूरी छूट जाती है।

मुहब्बत की शायरा के नाम से मशहूर मुमताज नसीम का वास्तविक नाम मुमताज फातिमा है। उर्दू मुशायरों से लेकर हिंदी कवि सम्मेलनों तक समान रुप से लोकप्रिय मुमताज नसीम ने गीत-गजलों के जरिए अपनी अगल पहचान है। शालीनता की सीमा में रहते हुए श्रृंगार की कविताएं पढ़ने में मुमताज को महारत हासिल है। नसीम की शायरी में न तो बहुत क्लिष्ट हिंदी है, न ही बहुत पेचीदा उर्दू। जन सामान्य को समझ आने वाली जुबां के दम पर ही वह जन-जन के मन तक पहुंचने में कामयाब हैं। मुमताज नसीम ने मुहब्बत की शायरी सुनाईं तो युवाओं के दिलों की धड़कने जवां हो गई।

आज इकरार कर लिया हमने
खुद को बीमार कर लिया हमने।
अब तो लगता है जान जाएगी,
तुमसे प्यार कर लिया हमने...

चाहत में दिल का गुलशन हर पल महकाना पड़ता है,
खून से लिखकर खत का मजमून सजाना पड़ता है।

मैं तो हूं मुमताज, तुम्हें इतना बतलाए देती हूं,
शाहजहां बनने वालों को ताज बनाना पड़ता है...

जैसी प्रेम कविताओं से सभी का दिल जीत लिया। वह टीवी चैनल्स के संग-संग करीब आधा दर्जन देशों में अपनी शायरी का परचम लहरा चुकी हैं। इस बात की पुष्टि युगकवि डॉ. विश्वास ने करते हुए कहा, नसीम को मैं 20 वर्षों देश-विदेश के मंचों से सुन रहा हूं। पाक शायरा के तीन शेर नसीम समर्पित करते हुए मंच पर आने की दावत दी।

हरियाणा के हास्य कवि अनिल अग्रवंशी ने अपनी रचनाओं में पीएम से लेकर सीएम, केजरीवाल से लेकर विपक्षी नेताओं- राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर खूब व्यंग्यात्मक तीर चलाए। बोले-

सत्ता को संभालते ही मोदी ने एलान किया,
खुद नहीं खाऊंगा और खाने नहीं दूंगा मैं।
योगी बोले नारी से क्या काम तुझे,
मैंने न पटाई तो तुम्हें पटाने नहीं दूंगा मैं।

उन्होंने अपने अनूठे अंदाज में न केवल अपने कवि साथियों, बल्कि स्टुडेंट्स को भी हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर दिया। इतना ही नहीं, अनिल अग्रवंशी के कटाक्ष से डॉ. विश्वास भी नहीं बच पाए।

लखनऊ से आई कवियत्री साक्षी तिवारी मंच का युवा चेहरा होने के बावजूद उन्होंने वंदे मातरम् कहो जी... वंदे मातरम् सुनाकर पूरे पंडाल में राष्ट्रभक्ति की अलख जगा दी। जैसे ही साक्षी वंदे मातरम् कहो जी बोलतीं, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपने स्वर भी साक्षी के स्वर में शामिल कर लेता।

युवाओं को माटी से प्यार बताते हुए बोलीं,

हम कैसे उन्हें भूल जाएं जो माटी देकर चले गए
इस पर लुटाने को समस्त परिपाटी देकर चले गए।

नहीं हंसने हंसाने की लिखूं न प्यार की बातें
है भारत-भारती संकट में क्यों लिखूं श्रृंगार की बातें।

हास्य कवि कुशल कुशलेंद्र ने अपनी रचनाओं से पंडाल में मौजूद हजारों छात्र-छात्राओं को देर रात तक खूब गुदगुदाया। राजनीति पर कटाक्ष करते हुए बोले,

एक रोज बुलंदी को छूने के लायक बनेगी वो,
गा-गा कर मेरी शायरी, गायक बनेगी वो।
मेरी प्रेमिका है झूठ बोलने में खिलाड़ी,
लगता है बड़ी होकर विधायक बनेगी वो।

उन्होंने योगी सरकार की कानूनी बंदिशों के बीच युवाओं के प्रेम दर्द को कुछ इस अंदाज में कहा,

हमको समझ कर रोमियो वो अंदर ना कर दें,
अच्छे भले लोगों को यह मुर्गा बना दें।
यूपी के कुंवारे सभी यह सोच रहे हैं,
बाबाजी कहीं अपनी तरह बाबा ना बना दें।

कवि सम्मेलन में वीसी प्रो. वीके जैन, श्री अभिषेक कपूर, प्रो. एमपी सिंह, प्रो. आरके द्विवेदी, श्री मनोज जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री अजय गर्ग, श्री विपिन जैन, डॉ. माधव शर्मा, प्रो. एसके सिंह, प्रो. एसके जैन, प्रो. सीमा अवस्थी, श्री नवनीत कुमार, प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्रो. मनु मिश्रा, प्रो. जसीलन एम., डॉ. शिवानी एम. कौल, प्रो. निखिल रस्तोगी, डॉ. मनोज राणा, डॉ. प्रदीप अग्रवाल आदि की अपने परिजनों की भी गरिमामयी मौजूदगी रही।

# नोएडा में रात्रि भ्रमण के दौरान नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 एवं सामुदायिक केंद्र सेक्टर 62 नोएडा में बनाए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया

**दैनिक समाज जागरण**

औचक निरीक्षण के दौरान रैन बसेरों में प्रवास कर रहे व्यक्तियों से वार्ता करते हुए मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

रात्रि भ्रमण के दौरान जरूरतमंद गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचाने हेतु कंबल किये वितरित

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में सदर, दादरी तथा जेवर क्षेत्र में भी राजस्व अधिकारियों द्वारा जरूरतमंद गरीब व असहाय लोगों को कंबल किए गए वितरित

गौतम बुद्ध नगर 31 दिसंबर 2024: जनपद में ठंड एवं शीत लहरी को ध्यान में रखते हुए गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा रैन बसेरे, अलावा एवं कंबल वितरण आदि करवाई अपने-अपने क्षेत्रों में अभियान चलाकर सुनिश्चित की जा रही है, ताकि गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखा जा सके।

इसी कड़ी में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा द्वारा नोएडा रात्रि भ्रमण के दौरान नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 एवं सामुदायिक केंद्र सेक्टर 62 नोएडा में बनाए गए रैन बसेरों औचक निरीक्षण करते हुए रैन बसेरों में प्रवास कर रहे व्यक्तियों से वार्ता करते हुए मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया, जोकि संतोषजनक पाई गई।





जिलाधिकारी द्वारा भ्रमण के दौरान जरूरतमंद गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचाने हेतु कंबल भी वितरित किए गए ताकि ठंड एवं शीत लहरी के दौरान गरीब एवं असहाय लोगों को ठंड से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि यदि उनको कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में सड़क किनारे फुटपाथ पर सोता हुआ मिले तो, उसको रैन बसेरे के संबंध में बताएं कि वह ऐसे खुले में न सोकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे रैन बसेरों में प्रवास कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर रैन बसेरों का संचालन, अलाव तथा अन्य राहत कार्य कराये जा रहे हैं एवं रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं मानकों के अनुरूप बनी रहे उनका भी समय-समय पर औचक निरीक्षण राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दादरी ओमप्रकाश पासवान एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योगी और मोदी के राज में आज देश और प्रदेश में आनंद ही आनंद: स्वामी अधोक्षजानंद

**गोवर्धनमठ पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने की महाकुम्भ की व्यवस्था के लिए सरकार की प्रशंसा**

**कहा- मुख्यमंत्री के अवलोकन से धर्मावलंबियों का हौसला और मनोबल हो रहा प्रबल, साधना, यज्ञ और तप के लिए अनुकूल माहौल**

**प्रदेश को मिलेगा महाकुम्भ में अनुष्ठान का पुण्य, सीएम की यश, कीर्ति, मान, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य के लिए करेंगे विशेष प्रार्थना**

महाकुम्भनगर, 31 दिसंबर। प्रयागराज में महाकुम्भ का महाआयोजन अब बस चंद दिन दूर है और महाकुम्भनगर में पूज्य संतों का आगमन शुरू हो चुका है। महाकुम्भ के लिए योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं से ये संत भी प्रभावित नजर आ रहे हैं। इन व्यवस्थाओं को लेकर गोवर्धनमठ पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने योगी सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी स्वयं एक साधु पुरुष हैं। वो यहां बार-बार आकर व्यवस्थाओं का अवलोकन कर रहे हैं, जिससे धर्मावलंबियों का हौसला और मनोबल प्रबल हो रहा है। ऋषि मुनियों और साधकों को साधना, यज्ञ और तप करने के लिए अनुकूल माहौल मिल रहा है। महाकुम्भ में साधु संतों की पूजा और अनुष्ठान का पुण्य राज्य और स्वयं उनको प्राप्त होगा। सभी संत और महंत मुख्यमंत्री जी की यश, कीर्ति, मान, सम्मान और उज्ज्वल भविष्य के लिए विशेष प्रार्थना करेंगे।

### आज सनातन को मानने वालों का शासन

स्वामी अधोक्षजानंद ने कहा कि कालांतर में भारत में विधर्मी शासन रहा, जिसमें हमारे धार्मिक अनुष्ठानों को महत्व नहीं मिलता था। आज फिर से भारत भूमि में सनातन को मानने वालों का शासन आया है, जिसका असर यहां प्रत्यक्ष दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि तीर्थ क्षेत्र में आने के लिए भक्ति और भक्त होना जरूरी है। कोई अभक्त और अशिष्ट शासक अहंकार से आएगा तो तीर्थ उसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना मुखर और उदार होकर मुख्यमंत्री ने हमारे मान-सम्मान के लिए व्यवस्था की है तो हम लोग भी राज्य की समृद्धि, कल्याण, आर्थिक उत्थान और उनके खुद के अभ्युदय की विशेष कामना करेंगे। उन्होंने कहा कि राक्षसी प्रवृत्तियां अनादिकाल से ही सनातन को चोट पहुंचाने और भ्रम फैलाने के लिए कार्य करती रही हैं। कभी-कभी वो कामयाब होती भी दिखती हैं। लेकिन जब-जब ऐसा होता है तब परमात्मा अवतार लेते हैं। यह महाकुम्भ सनातन धर्मावलंबियों को शक्ति प्रदान करेगा। सनातन का झंडा पूरे विश्व में लहराने वाला है और इसका शक्तिपात महाकुम्भ से होने वाला है।

### आज के शासक हमारे धर्म के अनुकूल

देश और राज्य में धार्मिक स्थलों के उन्नयन पर उन्होंने कहा कि जब भी कोई सभ्य शासक हुआ है वो यह जानने की कोशिश करता है कि हमारी प्रजा के साथ कहां अन्याय हुआ है और उनकी भावनाएं कहां आहत हुई हैं। देवी, देवता, मठ, मंदिर, गंगा, यमुना, हिमालय यह सब हमारे अराध्य देव हैं। इनका मान सम्मान होता है तो समाज सुखी होता है। वो बुरा समय था जब हमारे मठ मंदिरों को तोड़ा गया।

20-7-24:Layout 1 1/1/2025 2:17 AM Page 5



# वीर सपूत का आकस्मिक निधन, शोक की लहर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी**

नथईपुर गांव निवासी देश के वीर सपूत चंदन यादव के आकस्मिक निधन की खबर मिलते हैं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जवान चंदन यादव के निधन की सूचना मिलते ही रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल उनके



आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अंतिम यात्रा में शामिल हुए। विधायक ने शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ठाठस बधाया।जवान शहीद की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया।उन्होंने कहा देश ने आज एक साहसी और देशभक्त को खो दिया।वीर जवान के शव यात्रा में जय सिंह पटेल, सत्यम पटेल, जगदीश पटेल, दिनेश पटेल और पुलिस कर्मचारी सहित गांव के लोग शामिलरहे

# तहसील बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपा कार्यभार

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**

बाबतपुर, वाराणसी । तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामन्त्री को निर्वतमान अध्यक्ष द्वारा कार्यभार देने की प्रक्रिया मंगलवार को



बार के पदाधिकारियों के उपस्थिति में हुई। मंगलवार को अपराह्न में निर्वतमान बार अध्यक्ष उदयनाथ भारती व महामंत्री चंद्रभान सिंह द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष कृपाशंकर पटेल व महामन्त्री सुधीर कुमार सिंह को बार का चार्ज सौंपा। जिसमे वित्तीय और प्रशासनिक चार्ज के साथ समस्त अभिलेख सौंपा। इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष पंधारी यादव, जवाहरलाल वर्मा, राजेश पटेल, श्रीनाथ गोंड़, राजेश सिंह, तेजबहादुर वर्मा, दीपक सैनी, जावेद खा समेत

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक

**समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ_मोहनलागंज के रानी खेड़ा में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई । जिससे घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया मिली जानकारी के अनुसार रानीखेड़ा खेड़ा गांव निवासी पत्रकार विवेक कुमार अपने निजी काम के लिए बाहर गए हुए थे घर पर परिवार के



अन्य सदस्य एक कमरे में बैठकर बाते कर रहे थे । इसी दौरान शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई घर में मौजूद सदस्यों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक घर में रखा खाने पीने का समान सहित घर में रखे कपड़े और लाखों रुपए के फर्नीचर जलकर राख हो गया

# उमरिया/भरौला – पटवारी मांग रहा है 50000 हजार की रिश्वत, परेशान किसान ग्राम भरौला।

## मध्य प्रदेश सरकार का राजस्व महा अभियान 3. किसानों की समस्याओं का समाधान।

**समाज जागरण**

उमरिया जिले की धरातल कुछ ऐसे ही बाया करते दिखाई नजर आ रही है पटवारी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। पटवारी मांग रहा 50000 हजार की रिश्वत, परेशान किसान आरोप है कि पटवारी लगातार आवेदक के ऊपर रिश्वत के लिए दबाव बना रहा है वहीं रकम नहीं देने पर काम में आनाकानी कर रहा है जानकारी के मुताबिक, पटवारी प्रशांत पाठक की पदस्थापना ग्राम पंचायत भरौला मेरे द्वारा पटवारी को अपने दादा पंचा लोनी खसरा क्रमांक 55,34/171 जो की भरौली वीरान में है वसीयत एवं भूमि संबंधित दस्तावेज दिए थे जो की वसीयत के आधार पर नामांतरण नहीं किया जा रहा है। पटवारी के द्वारा बोला गया है की तहसील में आवेदन न देकर मुझे आवेदन दिया जाए तो मैं दे दिया था और साथ में मेरा नाती संतोष लोनी को पटवारी हल्का के द्वारा कहा जाता है कि मेरे कमरे में आ जाना जहां मैं रहता हूं आगे की प्रक्रिया वही बताऊंगा और संतोष लोनी को कहा गया है कि 50000₹ की रिश्वत लगेगा साहब मांगे हैं काम हो जाएगा इसके बाद पटवारी के कमरे से मैं वापस घर आ गया फिर दोबारा पटवारी से संपर्क नहीं किया गया और इसके बाद मेरा आवेदन खारिज कर दिया गया कल्लू लोनी सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किया था जो कि आज दिनांक 3 दिसंबर 2024 तारीख को मेरे मोबाइल फोन में पटवारी के द्वारा सीएम हेल्पलाइन करने पर धमकी दी जा रही है कि तुम्हारे नाम में साहब एफ. आई. आर. करवा कर जेल भिजवा देंगे। लेकिन अभी तक उस पर कार्रवाई नहीं हुई है। काम नहीं होने से परेशान किसान अपने जमीन के रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए लगातार उसके चक्कर काट रहे हैं, लेकिन वह बिना पैसे लिए काम करने को तैयार ही नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब सरकार उन्हें काम करने का पूरा पैसा देती है और हर महीने तनख्वाह मिलता है, उसके बावजूद पटवारी रिश्वत लेने से पीछे नहीं हटते. स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार मजबूरी में वे लोग पटवारी को पैसा देते हैं, क्योंकि आजकल ज्यादातर काम चाहे वह जमीन के हो या फिर आय, जाति-निवास पटवारी के दस्तखत के बिना हो नहीं पाता।

# सेवाकाल में व्यवहार कुशलता व्यक्ति की पहचान को सबल बनाता है: दीनदयाल ,बीडीओ

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। सेवाकाल में व्यवहार कुशलता व्यक्ति की पहचान को सबल बनाता है। जब सरकारी कार्य के निदेर्शों का पालन अनुपालन समकक्ष कर्मियों को साथ लेकर करना होता है तो उस समय व्यावहारिक कार्यशैली ही उपलब्धि हासिल करने में सहायक होती है। उक्त बातें हरहुआ ब्लाक सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी चन्द्रबली राम अधिवर्षता आयु पूरी करते हुए 18 वर्ष तक सरकारी सेवा प्रदान कर 3 वर्ष तक हरहुआ ब्लाक में सेवा कर सेवानिबृत के बाद सम्मान व बिदाई समारोह में बतौर अध्यक्ष बीडीओ हरहुआ दीनदयाल ने अपने सम्बोधन में व्यक्त की। ज्वाइंट बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा ने कहा कि सेवाकाल में सादगी ,सहनशीलता ही सफलता के परिचायक बनते हैं।हर कर्मचारी अपने अधिकारियों के बीच एक सेतु बनकर कार्य कर अपनी एक अलग पहचान बनाने के प्रति सजग बनकर कार्य करे। चन्द्रबली राम अपने कार्यकाल के एक मिसाल बनकर लोगों का दिल जीतने का कार्य करते रहे। विदाई समारोह मे सेवानिवृत हुए चंद्रबली राम ने कहा कि आज के तकनीकी संसाधनों के बीच कर्मचारियों को कंप्यूटर युग में सत्यनिष्ठा से काम करने एवं समय से निस्तारण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।अधिकारियों को अपना बनाकर स्वयं उनके बनने की कोशिश करना हर कर्मचारी का दायित्व है।इसे अपने व्यवहार में उतारने की कोशिश करना अपना धर्म समझें। विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ हरहुआ दीनदयाल, संयुक्त बीडीओ बद्री प्रसाद वर्मा,प्रभारी एडीओ पंचायत रवि सिंह, प्रधान संघ जिला महामंत्री मधुबन यादव, उदय प्रताप सिंह, दीपक चौहान, ओम प्रकाश सिंह,राजनारायण पटेल, बांकेलाल कनौजिया ,प्रधान रविन्द्र यादव, संजय कुमार औरा,ग्राम विकास अधिकारी अभिलाष ,सौरभ चंद्र श्रीवास्तव, गौरव विश्वकर्मा, चंचल रेड्डी, आनंद प्रकाश गौड, चंचल रेड्डी ,स्वाति सिंह ,दीक्षा श्रीवास्तव ,लेखाकार रविंद्र यादव, मुकेश विश्वकर्मा टी ए लालचन्द सहित अन्य ने सेवानिवृत चंद्रवली राम को फूलमाला एवं बुके ,अंगवस्त्र तथा गिफ्ट देते हुए सम्मानित किया और सतायू ,स्वस्थ तथा हमेशा खुश रहने का आशीर्वाद दिया। ब्लाक कर्मचारियों ने भी सम्मान व स्वागत किया। विदाई समारोह का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश भारती ने किया।

# पुराने साल को अलविदा नये साल के आगमन में मनाया गया जश्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर (वाराणसी )**



ग्रामीण अंचल क्षेत्र में पुराने साल को अलविदा व नये वर्ष 2025 के आगमन पर आदर्श रूप में विकसित हो रहे ग्राम पंचायत जगापट्टी के नौजवानों ने आदर्श मॉडल ब्लॉक सेवापुरी के ग्राम पंचायत जगापट्टी में स्थित ग्राम सचिवालय पर घनश्याम सिंह यादव के नेतृत्व में युवाओं ने ग्राम सचिवालय को गेंदा के फूल,कुमकुमाती झालरों, फूलों, गुब्बारों व कपड़े के पैचिंग से आकर्षक ढंग से सजाया था। इस मौके पर ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव क्षेत्र के सम्मानित बुजुर्ग व युवाओं द्वारा 24 किलो का केक काटकर वर्ष 2025 में सफलता के द्वार में प्रवेश करने के लिए नाचते-गाते हुये पटाखा छोड़कर जश्न मनाया। क्षेत्र के इलाके में बच्चे,नौजवान ने रात्रि में पुराने साल को अलविदा करते हुये नये साल के स्वागत में पटाखा छोड़कर जश्न मनाया। निगरानी समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में समिति के सदस्यों व युवाओं ने जश्न मनाते हुये नाचते गाते,अबीर-गुलाल उड़ाकर सभी ने नये साल का स्वागत करते हुये हर परिवार व देश में सुख,समृद्धि, खुशहाली, स्वास्थ्य, सहयोग, सादगी, सफलता, साधना, संस्कार, स्वास्थ्य, सम्मान व शांति के कामना किया। श्री यादव के उपस्थिति में सचिवालय में महफिलें सजी,जगह-जगह पटाखें छोड़कर नये वर्ष के मंगलकारी होने की कामना की गयी। ग्राम सचिवालय के प्रांगण में महिला , पुरुष , नौजवानों ने हाजिर होकर क्षेत्र में सुख,समृद्धि की कामना की। म्यूजिक गानों पर नाच-गाना करते "हैपी न्यू ईयर" में डूबे रहे। इस मौके पर राजपति सिंह, सुभाष विश्वकर्मा, रामआसरे विश्वकर्मा ,राकेश सिंह, कल्लू यादव,बृजेश सरोज, रोहित गौड़, राजकुमार गौड़, अभिषेक कुमार, विनोद माली, बिहारी यादव, रामअचल यादव, अनिल कुमार,शशि पासवान, राजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह,दीपू यादव ,बीरबल यादव ,श्याम कुमार यादव, अमित कुमार ,राहुल गोंड सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# तो क्या राहुल-भाईजान के हाथों चलाई जाएगी अवैध कोयला खदान

## मौत के कुएं में धकेलना की तैयारी

**समाज जागरण राहुल द्विवेदी**



अनूपपुर । भले ही अनूपपुर जिला प्रशासन क्षेत्र में एक भी अवैध कोयला खदानें के न चलने का दावा करते हैं, वहीं दूसरी ओर अनूपपुर व शहडोल जिले की तटवर्ती पर गरीब मजदूरों की जान की बाजी लगाई जा रही है। जिससे अनूपपुर जिले के अंतर्गत कोयल का काला कारोबार संचालित हो रहा है, इन खदानों में क्षेत्र के आस-पास के सरंक्षण प्राप्त राजनैतिक सफेदपोश अपराधी गरीब आदिवासी मजदूरों का गरीबी का फायदा उठाते हुये उन्हे जानबूझकर मौत के कुएं में धकेल रहे हैं। सस्ते श्रम के नाम पर इनकी गरीबी का लाभ ये लोग उठाते हैं। कार्यवाही के नाम पर छुटपुट कभी कभार इन मजदूरों के खिलाफ चोरी या अवैध खनन की खानापूर्ति कर ली जाती है। सूत्र बताते हैं कि बावजूद राहुल और जबलपुरका भाईजान अवैध खदान के देखरेख में अवैध कोयला खदान संचालित किया जा रहा है, जानकारों की माने तो बकही में अफसरों की मिलीभगत व राजनैतिक सरंक्षण साफ तौर पर दिख रहा है। जब तक इन गरीब मजदूरों के अलावा अवैध खदान संचालकोपर लगातार दबिश देकर कार्यवाही नहीं की गई तो, ये करोड़ों का खेल जारी रहेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौनी बाबा बने हुये हैं, पुलिस कप्तान के सख्त रवैये के बावजूद आखिर कैसे अवैध खुली खदानेंचल रही है। जिसमें सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।अनूपपुर जिले में कोयले कचोरी ना होती हो, ऐसा हो नहीं सकता, राहुल और जबलपुर का भाईजान को अवैध कोयला खदान संचालित और उसे परिवहन का ठेका किसने दिया, यह सबसे बड़ा सवाल है। यदि एक साथ इस चोरी के कोयले का आंकलन करें तो मामला करोड़ों में पहुंचेगा, फिर भी किसी भी अधिकारी को आज तक इस ओर बड़ा एक्शन लेते नहीं देखा, वहीं दूसरी ओर पुलिस और प्रशासन भी दावाकरके अपना काम पूरा कर लेता है, ऐसे में कोल माफिया के दसों उंगली घी में नजर आ रही है। पुलिस कप्तान की पदस्थापना के बाद हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही ने प्रभारियों के मन में भय व्याप्त हो गया था कि अगर क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध कार्य चला तो, उन पर भी गाज गिर सकती है, लेकिन चचाई थाना क्षेत्र में चल रहे कोयले के अवैध कारोबार ने प्रभारी के हौसले स्पष्ट कर दिये है। मामले में कितनी सत्यता है, यह अगर पुलिस- प्रशासन जिला स्तरीय दल गठित कर जांच कराये तो, पूरा मामले से पर्दा उठ सकता है।

**माफियाओं पर नहीं होती कार्यवाही**

अवैध कोयला का कारोबार दिन दूना और रात चौगुना फल-फूल रहा है, कोल माफिया बिना किसी डर के अवैध खदानों से कोयला चोरी करवाते हैं, फिर इसे एक जगह इकट्ठा करवाया जाता है, बकही में संचालित अवैध कोल खदानों को स्थानीय कोल माफियाओं का संरक्षण मिला हुआ है, छुटपुट कार्यवाही को छोड़ दें तो, कोल माफिया हमेशा बिना किसी कार्रवाई के बच निकलते हैं, कार्रवाई करने का काम खनिज विभाग और राजस्व का है, लेकिन अफसोस इनकी नींद कभी टूटती नहीं। अनूपपुर जिले से होते हुए अवैध कोयले से लदे वाहन हाईवे पर फरार्टा भर रहे है, लेकिन अनूपपुर से शहडोल जिले के बीच पडने वाले थानों का कार्यवाही न करना संलिप्ता को उजागर करता है।

# आदित्य सिंह के ज्येष्ठ भ्राता का निधन, शोक व्यक्त

**दैनिक समाज जागरण सीधी।**

एक लंबे समय से शहडोल जिले में पत्रकारिता की सेवा देने वाले वरिष्ठ पत्रकार एसएन सिंह का बीती रात ह्रदय गति रुक जाने से 58 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। सीधी जिले के वरिष्ठ पत्रकार आदित्य सिंह के ज्येष्ठ भ्राता एसएन सिंह का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम सीधी जिले के बडखरा ग्राम में सोमवार को हुआ। गौरतलब हो स्व. एसएन सिंह शहडोल जिले में लगभग 15 वर्षो से अधिक समय तक कई प्रतिष्ठित अखबारों में अपनी सेवा दे चुके हैं। इस दौरान उन्होंने राजधानी भोपाल की ओर रुख किया और वहां भी इन्होंने बड़े समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी। बीते कुछ वर्षों से लगातार इनके स्वास्थ्य में गिरावट आता रहा और वो अस्वस्थ होते चले गए। रविवार को अचानक ह्रदय गति रुक जाने से उनका स्वर्गवास हो गया है। पत्रकारिता पेशे से जुड़े लोगों में शोक का लहर है। इस कड़ी में भोपाल सहित शहडोल जिले के सैकड़ो पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। अचानक आपका यूं जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सीधी जिले के पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिजनों को असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वाले पत्रकारों में पद्मधर पति त्रिपाठी, ब्रजेश पाठक, आरबी सिंह, नंदलाल सिंह, सचिन्द्र मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, जगन्नाथ द्विवेदी, विनोद मिश्रा, अमित सिंह, कृपा शंकर तिवारी, ओपी पाठक, अजय मिश्रा, बृजेश पाण्डेय, रामलखन गौतम, राम भूषण तिवारी, अरविंद सिंह, संतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, , आदि शामिल हैं।

# मृत फौजी के शव पहुचने पर श्रद्धांजलि देने के लिए उमड़ी भीड़

**समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता**



बाबतपुर, वाराणसी । फुलपुर थाना क्षेत्र के नथईपुर निवासी व 28 वर्षीय फौजी चंदन यादव के हार्ट अटैक के मौत के बाद शव घर पहुचने पर श्रद्धांजलि व अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। वही परिवार के लोग शव देख बेसुध हो पड़े। सांसद व विधायक के अलावा प्रदेश अध्यक्ष भी गांव श्रद्धांजलि देने पहुँचे। मंगलवार को अपराह्न में शव सेना के वाहन से गांव नथईपुर पहुचने पर सेना के जवानों ने सलामी दी। शहीद के शव के अंतिम दर्शन व श्रद्धांजलि देने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास के गांव के साथ सपा सांसद प्रिया सरोज, विधायक रोहनिया डॉ सुनील पटेल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, सपा विस अध्यक्ष मनोज यादव भाजपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान संजय जायसवाल समेत आसपास के गावों के जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विदित हो कि प्रधानपुत्र व सेना के जवान के चंदन यादव की हार्ट अटैक के चलते शहर के एक अस्पताल के बाहर चाय की दुकान पर निधन पर हो था। पीएम के बाद शव के पहुचने पर पत्नी अंतिमा यादव को पछाड़े मार कर रोते देख लोगों की आंखे गमगीन हो गई। वही फौजी के पिता व ग्राम प्रधान शोभनाथ यादव के पुत्र के शव देख बेसुध हो गए।

**प्रशासनिक अधिकारी का न होना चर्चा का रहा विषय**

फौजी के शव पहुचने पर विभिन्न राजनैतिक दलों के अलावा सांसद, विधायक व पूर्व मंत्री से लेकर ग्राम प्रधान तक शव यात्रा में शामिल रहे। लेकिन जिले व तहसील स्तर के एक भी प्रशासनिक अधिकारी के शामिल न होना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। अलबत्ता फुलपुर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार सिंह व चौंकी इंचार्ज कठिराव रवि प्रकाश सिंह रहे।

# अंत्योदय के उत्थान के लिए लोकबंधु राज नारायण आजीवन रहे समर्पित

**समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी**



लोक बंधु राज नारायण का निर्वाण दिवस डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय भैरव तालाब में मंगलवार को मनाया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें याद करते हुए लोकतंत्र का प्रबल हिमायती और गरीबों का सच्चा सेवक बताया।विधान परिषद का सदस्य धर्मेंद्र ने कहा कि लोक बंधु राज नारायण समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए आजीवन काम करते रहे। वे लोकतंत्र के सच्चे पोषक थे। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता करते हुए राजनारायण के ज्येष्ठ पुत्र तथा महाविद्यालय के संरक्षक राधे मोहन सिंह ने कहा कि उन्हें पूरे जीवन अपने पिता राज नारायण से यही शिक्षा मिलती रही कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अंत्योदय का विकास परम लक्ष्य होना चाहिए। राधे मोहन सिंह ने कहा कि उनके पिता ने न तो कोई बैंक बैलेंस रखा और ना ही अपने और अपने परिवार के लिए सोचा। वह हमेशा गरीबों के लिए संघर्ष करते रहे। इसीलिए वह गरीबों को रोटी मिले तो मेरी जान सस्ती है का नारा लगाते रहते थे। इस दौरान यहां पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य आशुतोष कुमार प्रबंधक तोयज सिंह, अध्यक्ष जयकेश मिश्रा एडवोकेट प्रदीप सिंह, रत्नेश कुमार राय, अमरेश्वर नारायण सिंह, डॉक्टर सुमन पाठक,डॉ सुशील कुमार दुबे, डॉक्टर अविनाश राय, डॉक्टर रणधीर सिंह,नीरज कुमार ने भी अपने विचार रखें। सभी ने राजनारायण जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित भी किया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए महिला पुरुषों को ठंड से बचाव के लिए कंबल भी वितरित किया गया।

# नववर्ष पर विशेष हावी रहा स्वार्थ का जाल, सच कहता मैं बीता साल

**समाज जागरण**

मैं 2024 अब आपके जीवन से हमेशा के लिए चला गया हूं ,लेकिन मुझे इस बात का बहुत दुख हमेशा रहेगा कि आपने मेरे आगमन की खुशी में जो वादा किया था, उससे आप पूरी तरह से मुकर गए ,मुझ बीते 2024 की नजर में जिसकी एक मात्र वजह आपका स्वार्थ ही है, जिसके आधार पर मैं कह सकता हूं आपकी वजह से ही सामाजिक जीवन में लगातार हिंसा, अन्याय, असभ्यता, घृणा और झूठ पहले की तरह ही बरकरार है। सत्य अक्सर आज भी दम तोड़ता ही दिख रहा है। मेरे यानी बीते 2024 के मेरे कालखंड में देश का मध्यम वर्ग जिस तरह से नफरत और झूठ के पीछे खड़ा रहा , वह वाकई बेहद निराशाजनक है। सत्य काफी हद तक सिमट गया है और इस पर यकीन करने और इस पर चलने वाले लोग भी अब ना के बराबर रह गये हैं।

मैं आपका बीता साल 2024 आपसे यह भी कहने से नहीं चूकना चाहता कि मीडिया और धार्मिक नेतृत्व दोनों ही एक ऐसी राजनीतिक व्यवस्था और उसके बचाव में मुखर हो गए हैं जो निहायत बेशर्मी से कपट, साजिश और बांटने वाले कामों में लिप्त हैं। मैंने यानी आपके बीते हुए इस साल 2024 ने अपने पूरे कालखंड में यह भी देखा कि संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग न केवल नैतिकता खोते जा रहे हैं बल्कि उनमें निष्पक्षता की भावना भी खतरनाक हालातों तक कमजोर होती जा रही है। मैं 2024आपको यह भी बताना चाहता हूं कि मेरे पूरे समय में न्यायालय के फैसलों पर भी कई सवाल उभरे, खास तौर से निचली अदालतों के फैसले काफी सवालों के घेरे में रहे ,लेकिन इसके विपरीत मुझ 2024 को खुशी इस बात की भी है कि मैंने अपने इस कालखंड में लोकतांत्रिक भावना और व्यवहार की मजबूती के लिए आवश्यक एक सक्रिय और मजबूत विपक्ष का उदय होते हुए भी देखा। इसके फलस्वरूप शायद संविधान को और कमजोर होने से फिलहाल तो बचा लिया गया है, लेकिन आजादी, समानता, न्याय और बंधुत्व के बुनियादी मूल्य फिलहाल गहरे खतरे से बाहर अब भी नहीं माने जा सकते, क्योंकि बीते हुए मुझ 2024 को ऐसा लगता है कि धर्म अपनी बहुलता आधारित आध्यात्मिकता और सूक्ष्म दृष्टि से निरंतर दूर होता ही जा रहा है। मेरी नजर में आस्था की जगह कर्मकांड ने ले ली है ,जिसे एक चका चौंध तमाशा के अलावा कुछ नहीं कहा जा सकता। जैसा कि मैं 2024 ने अपने पूरे समय में यह भी स्पष्ट रूप से अनुभव किया कि शिक्षा जगत की स्वायत्तता भी बहुत निराशा जनक तरीके से कम होती जा रही है, जिसकी वजह से ही ज्ञान को हाशिये पर धकेलने वाले भी अपने लाभदायक इरादे में सफल हैं।मतलब अज्ञानता को सामाजिक रूप से सुदृढ़ किया जा रहा है।मुझ 2024 को अपने ही समय में यह भी देखने को मिला कि वैश्विक भूख सूचकांक रैंकिंग में अपने देश भारत की हालत चिंता जनक होने की हद तक बेहद खराब हो गई है। हो सकता है कि बहुत से लोग सहमत ना हो फिर भी मैं 2024 डंके चोंट पर यह भी दावा करता हूं कि देश की लगभग 50 फीसद संपत्ति 5 फीसद आबादी के पास है। यही नहीं वेतनभोगी वर्ग के 50 फीसद लोगों को अपनी आय में 13 फीसद की कमी की पीड़ा भी झेलनी पड़ रही है। जिससे निराशा का भाव भी आत्मघाती हालात तक खतरनाक हो चुका है। फिर भी मैं चाहूंगा कि हमारे आपके नए साथी 2025 का कालखंड कुछ ऐसा हो, जिससे हम निराशा में पड़ने से बच सकें। मैं आपका बीता हुआ 2024 हालातों के विपरीत यह भी भरोसा दिलाना चाहता हूं कि एक समय आएगा जब पापों के बोझ से नफरत और झूठ की इमारत भरभराकर अवश्य ही गिर जाएगी। बेशक अभी सच हाशिये पर दम तोड़ता दिख रहा हो लेकिन आखिर में जीत आपके सत्य पूर्ण आचरण की ही होगी। ईश्वर, अल्लाह तथा गॉड से प्रार्थना और इबादत करता हूं कि मैं 2024 तो आपके जीवन से हमेशा के लिए चला गया हूं लेकिन हमारा और आपका आ चुका नया साथी 2025 देश और समाज के हित में आपके हर इरादे को अवश्य ही सफल बनाएं । नहीं किसी का भय हो मतलब नव वर्ष मंगलमय हो।



सुनील बाजपेई

# तीसरे कैडेट प्रशिक्षण जहाज (यार्ड 18005) का कील समारोह



तीसरे कैडेट प्रशिक्षण जहाज, यार्ड 18005 का कील बिछाने का समारोह 30 दिसंबर 24 को मेसर्स एल एण्ड टी शिपयार्ड, कट्टुपल्ली में आयोजित किया गया । समारोह की अध्यक्षता रियर एडमिरल रवि कुमार ढींगरा, फ्लैग ऑफिसर तमिलनाडु और पुडुचेरी क्षेत्र ने की, जिसमें रियर एडमिरल जी के हरीश (सेवानिवृत्त), प्रमुख शिपबिल्डिंग बिजनेस, एल एण्ड टी तथा भारतीय नौसेना और मेसर्स एल एण्ड टी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के स्वदेशी डिजाइन और निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय और मेसर्स एलएण्डटी के बीच 07 मार्च 23 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इन जहाजों का उपयोग समुद्र में अधिकारी कैडेटों को उनके बुनियादी प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण देने के लिए किया जाएगा। मित्र देशों के कैडेटों को भी प्रशिक्षण सुविधा प्रदान की जाएगी । यह स्वदेशी जहाज निर्माण की दिशा में भारतीय नौसेना की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और यह भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' पहल के दृष्टिकोण के अनुरूप है। दीर्घकालिक एकीकृत परिप्रेक्ष्य योजना (एलटीआईपीपी 2012-27) में भारतीय नौसेना के लिए तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के बल स्तर की परिकल्पना की गई है।

# पाडल्यामाताजी के सशिशु मंदिर में ग्राम उत्सव मनाया

## सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कारीत और राष्ट्रभक्त नागरिक बनते हैं मोहन जी नागर, प्रांतीय अधिकारी ग्राम भारती मध्य प्रदेश

**दैनिक समाज जागरण**

राजगढ़ विष्णु नायकः ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला राजगढ़ ब्यावरा द्वारा संचालित ग्राम भारती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर संकुल केंद्र पाडल्या माताजी स्कूल में ग्राम उत्सव मनाया गया ,जिसमें स्कूल के भैया बहन के साथ-साथ शोभायात्रा मैं मातृशक्ति भी कलश यात्रा में सम्मिलित हुई,वार्ड मोहल्ला बस स्टैंड , चौराहा गोपाल मंदिर चौराहा श्री राम बाड़ा चौराहा बस स्टैंड चौराहा पर अनेक समाजसेवी अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी गण ,किसान मित्र, युवा साथी संगठनों ने चल समारोह यात्रा का फूलों से स्वागत किया , चल समारोह के नगर भ्रमण के बाद यात्रा विद्यालय प्रांगण में पहुंची जहां उपस्थित अतिथियों द्वारा बौद्धिक दिया गया, विद्या भारती ग्राम भारती सरस्वती शिशु मंदिर प्रांत के विभागीय अधिकारी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन जी नागर, प्रांत कार्य समिति सदस्य शिशु मंदिर विद्या मुख्य वक्ता श्री हरिशंकर जी केसवाल, ग्राम भारती सरस्वती शिशु मंदिर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सामाजिक समाजसेवी श्री डॉ राधेश्याम जी पाटीदार अंगर ,ग्राम भारती जिला प्रमुख मुरली मनोहर जी शर्मा ,तहसील प्रमुख रामबाबू जी कुम्भज ने कार्यक्रम प्रारंभ के पहले भारतीय संस्कृति हिंदू परंपरा




के साथ ज्ञान की देवी मां सरस्वती लक्ष्मी जी भारत माता के चित्र तस्वीर पर दीप प्रज्वलित किया, ग्राम भारती सरस्वती शिशु मंदिर संयोजक मंडल ने अतिथि गण का माला साफा दुपट्टा पहनकर तिलक कर सम्मान किया, ग्राम उत्सव में मंच पर भैया बहन विद्यार्थियों ने शारीरिक प्रकट उत्सव, दंड प्रहार,रंगारंग शारीरिक प्रदर्शन,,योग के आसन ,सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सुंदर प्रदर्शन किया ,विद्यालय के प्राचार्य कमल जोशी, प्राचार्य नरेंद्र सिंह राजपूत,राम नायक, आचार्य बाबूलाल पाल, टीना विश्वकर्मा ,सोनाली सौराष्ट्रीय, कमल सेन संतोष मालवीय के साथ-साथ संकुल के समस्त विद्यालय के आचार्य दीदी भैया बहन कार्यक्रम में उपस्थित रहे,सियाराम पाटीदार बैंक मैनेजर ,जालम सिंह भगत ,मुकेश सेठ पाटीदार ,मनोहर पाटीदार, रामचंद्र गुर्जर ,ओमप्रकाश पाटीदार , संजय पाटीदार,संजय पाटीदार उपसरपंच, मयक सोनी अंकित पाटीदार ,दीपक पाटीदार, हेमंत पाटीदार, प्रवीण पाटीदार, चेतन पाटीदार,दिलीप पाटीदार, सचिन पाटीदार, राकेश पाटीदार अरुण सेन ,भारत सौराष्ट्रीय ,नेपाल सोंधिया के साथ संघपरिवार, बजरंग दल, गो रक्षक, दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के साथ सामाजिक कार्यकताओं का सहयोग रहा, स्थानीय पुलिस द्वारा पुख़्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई

# मातृशक्ति को आत्मरक्षा के गुर सिखाते लोकेश पाटीदार

**दैनिक समाज जागरण**

राजगढ़ विष्णु नायकः समाज सेवा के लिए धन और साधन की आवश्यकता नहीं होती दृढ़ इच्छा शक्ति लगन और मेहनत की आवश्यकता होती है,, और शमशान घाट को मनोरम सुंदरवन वीर शिवाजी पार्क में बदलकर इस धारणा को साबित कर दिखाया है जिले के ढाकनी जैसे छोटे से गांव के युवा लोकेश पाटीदार ने जिन्होंने लगातार मेहनत कर अपने ग्राम सहित जिले और प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण मेंअपनी पहचान बनाई है, लोकेश पाटीदार ने युवाओं के लिए मिसाल पेश की है कि अकेले अपने दम पर भी सामाजिक कार्य करके प्रेरणादायक कार्य किया जा सकता है, पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कार्य करते लोकेश पाटीदार जिले में



पर्यावरण संरक्षण में लगातार बेहतर कार्य कर रहे हैं ,, पर्यावरण के साथ समाज सेवा के कार्य भी जुड़े हैं ,मातृशक्ति और बालिकाओं को आत्मरक्षा सीखाने के अभिनव प्रयोग भी लोकेश पाटीदार द्वारा किए जा रहे हैं, वीर शिवाजी संगठन द्वारा विभिन्न प्रकल्प और कार्यक्रम के परिपेक्ष में बालिकाओं को आत्मरक्षा का कार्यक्रम वीर शिवाजी संगठन द्वारा चलाए जा रहा है,वीर शिवाजी संगठन और रणविजय डिफेंस एकेडमी के द्वारा मातृशक्तियो को शिवाजी पार्क ग्राम ढाकनी में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य है नारी सशक्तीकरण,, लोकेश पाटीदार ने बताया कि रण विजय डिफेंस अकादमी के संचालक विष्णु लववंशी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्र में गरीब वंचित वर्ग और साधन हीन बालिकाओं को आत्मरक्षा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ये अभियान निरंतर जारी रहेगा,, वीर शिवाजी संगठन द्वारा सारंगपुर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में भविष्य में बालिकाओं, छात्राओं को लाठी, दंड प्रहार, त्रिशूल, तलवार, जूडो कराटे और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग प्रशिक्षण भी निशुल्क दिलाया जाएगा

# प्रसिद्ध समाजसेवी दुलीचंद गर्ग के बेटे विनोद गर्ग आम आदमी पार्टी में शामिल

**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 31 दिसंबर :राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी दुलीचंद गर्ग के बेटे विनोद गर्ग मंगलवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। अपने पिता के समाज सेवा कार्य को आगे बढ़ा रहे विनोद गर्ग को राजेंद्र नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक ने पटका और टोपी पहनाकर उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान दुर्गेश पाठक ने कहा कि विनोद गर्ग और उनका परिवार सालों से गरीबों में कंबल व भोजन वितरण, बेटियों की शादी कराने समेत कई सामाजिक कार्य कर रहा है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दुर्गेश पाठक ने प्रेस-ावार्ता कर कहा कि आज राजेंद्र नगर विधानसभा से बहुत ही प्रतिष्ठित समाजसेवी विनोद गर्ग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। विनोद गर्ग ने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा के लिए दिया है। समाज सेवा में उनके परिवार का एक इतिहास




रहा है। समाज सेवा में विनोद गर्ग के पिता दुलीचंद गर्ग का एक इतिहास रहा है। उन्होंने पूरी जिंदगी लोगों के लिए काम किया। इंद्रपुरी, नारायणा, टोडापुर, दसघरा समेत दिल्ली के कई इलाकों में उन्होंने लोगों के लिए काम किया, उनकी मदद की। लोगों के सुख-दुख में उनके लिए उपस्थित रहे। आज उस परिवार से उनके बेटे विनोद गर्ग आज आम आदमी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि विनोद गर्ग पिछले कई वर्षों से पूरे इलाके में सामाजिक काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए कंबल और भोजन की व्यवस्था करना, उनकी बेटियों की शादी करवाना। इस तरह के कई सामाजिक कार्य हैं जो विनोद गर्ग और उनका पूरी परिवार करता रहा है। उनके परिवार के सभी लोग सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं। विनोद गर्ग अपने एनजीओ मानव सेवा ट्रस्ट के माध्यम से पिछले कई सालों से लोगों की सेवा कर रहे हैं। जरूरतमंद लोगों को भोजन देना, उनकी शादी से लेकर अगर कभी किसी की मृत्यू हो जाए तो वहां भी उसकी अंतिम क्रिया कराने में सहायता करते हैं। मैं बहुत खुशनसीब हूं जो ऐसी शख्सियत हमारे साथ जुड़ रही है।

# दिल्ली की जनता सहित इनके मंत्री, विधायक, पार्षद, नेता सबका अरविन्द केजरीवाल के प्रति मोह भंग हो चुका है।- देवेन्द्र यादव

**मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 31 दिसंबर- दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बादली विधानसभा से आम आदमी पार्टी के सहसचिव सरबजीत सिंह और 2020 विधानसभा के स्टार प्रचारक फरीद शाह सहित मुस्तफाबाद विधानसभा से आम आदमी पार्टी के पूर्व निगम पार्षद परवीन और मौहम्मद मारुफ और 2022 में निगम चुनाव के बीएसपी प्रत्याशी श्रीमती रजनी सूर्यवंशी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराकर सैंकड़ों लोगों को पार्टी का पटका पहना कर कांग्रेस में शामिल किया।

यादव ने आम आदमी पार्टी के सैंक-ड़ों कार्यकताओं और पदाधिकारियों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया और कहा कि आपके सहयोग और समर्थन से हमस ब मिलकर मजबूती के साथ दिल्ली में सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का जहाज डूब रहा है और दिल्ली की जनता सहित इनके मंत्री, विधायक, पार्षद सहित क्षेत्रीय नेताओं का अरविन्द केजरीवाल के प्रति मोह भंग हो चुका है। आम आदमी पार्टी में भ्रष्टाचार और कुश-ासन के कारण भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के नेतृत्व और राहुल गांधी जी देश के लिए संघर्ष से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने वालों का पार्टी में स्वागत है, क्यांकि कांग्रेस एक खुला मंच है जिसमें हर व्यक्ति को बराबर का अधिकार और बोलने की अभिव्यक्ति है। कांग्रेस अपने संविधान के अंतर्गत काम करती है, न कि किसी व्यक्ति विशेष का आधिपत्य हमारी पार्टी में है।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के अलावा पूर्व सांसद डा0 उदित राज, अ0भा0क0कमेटी के सचिव श्री दानिश अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, हसन अहमद, भीष्म शर्मा, और दर्शना रामकुमार, जिला अध्यक्ष जावेद मिर्जा, मुस्तफाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अली मेंहदी सहित ब्लाक अध्यक्ष और कांग्रेस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# निगम द्वारा जनसुनवाई में कोई कार्रवाई न होने पर मजबूरन जाना पड़ा कलेक्ट कार्यालय जनसुनवाई में( दीपक सेठी )

**दैनिक समाज जागरण**

जबलपुर : शास्त्री ब्रिज मॉडर्न रोड पर स्थित मनोहर लाल बदलनी पुत्र धर्मवीर बदलनी की प्रॉपर्टी पर अवैध निर्माण को आज तक निगम द्वारा अनदेखा किया जा रहा है आखिर ऐसा क्यों सरकार द्वारा बनाए गए अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण संबंधित नियमों को क्या सिर्फ गरीब लोगों पर ही लगाए जाते हैं बड़े लोगों पर कार्यवाही करने पर निगम के अधिकारी क्यों डर रहे हैं क्या बदलानी एवं निगम का किसी तरीके का तालमेल है या किसी के दबाव में कार्यवाही नहीं की जा रही है सच सामने आना अभी बाकी है

सुना है साहिब क्राइम करने वालों की तो 24 घंटे में प्रॉपर्टी की रिपोर्ट, नक्शे, अवैध निर्माण की जानकारी एवं सब कुछ निकल जाता है, अवैध निर्माण को तोड़ भी दिया जाता है लेकिन हाथ जोड़कर बात करने वालों की साहब यह जबलपुर नगर निगम है इसका लिए कोई बताएगा,

### प्रॉपर्टी एक फाइल चल रही दो-दो इतनी भिन्नताएं वाह रे निगम

हरीश सेठी, दीपक सेठी ने बताया कि इतने दिनों से नगर निगम के जनसुनवाई के बाद चक्कर पर चक्कर लगाकर कोई जवाब न मिलने पर, आज हमें महोदया कलेक्टर जी की जनसुनवाई में जाना पड़ा, अभी और हमें किस-किस जगह जाना पड़ेगा, और कितना समय लगेगा यह देखना अभी बाकी है,

### प्रापर्टी के रिपोर्ट में आज तक कोई सुधार नहीं किया गया,

आरटीआई के अनुसार प्रॉपर्टी के बारे में निगम के नोटबुक में लिखा गया है, कि कॉमन पैसेज 10 फीट ही है, त्रुटि पूर्ण 15 फीट किया गया है जिसमें की संशोधन किया जाना है,जो कि आज तक नहीं हुआ, सरकार द्वारा बनाई गई सेल्फ कंपाउंडिंग नियम की सरेआम धज्जियां उड़ाई गई इस पर जांच होनी चाहिए

क्या बदलानी द्वारा दस्तावेजों में हेरा-फेरी करने के जुर्म में उनके विरूद्ध क्या निगम द्वारा धारा 420 के तहत एफ.आर.आई दर्ज की जाएगी , या निगम अधिकारी पूर्व अधिकारी (जिन्होंने नक्शा स्वीकृत किया) को बचाने का प्रयास करेगी, सच अभी सामने आना बाकी है, क्या अतिक्रमण सिर्फ गरीबों के लिए होता है क्या अवैध निर्माण भी अतिक्रमण के दायरे में आते हैं, जिससे पूछो वह यही कह रहा है कि यह मामला मेरे संज्ञान में है निश्चित ही जल्द कार्रवाई की जाएगी कब होगी यह नहीं पता ??

निगम में आवेदन दिया गया 23/02/2024 को मौके पर जांच समिति द्वारा पूर्णतः जांच की गई 14 /3/2024 रिपोर्ट बना दी गई , इस पर जांच पूर्ण हो चुकी है, उसके बाद से आज तक मौके पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, अधिकारी क्यों कर रहे इतना विलंब इसका जवाब किसी के पास नही है।

### क्या नक्शा निरस्त के बाद भी फायर एनओसी दी जाती है, (आरटीआई ) से उजागर हुआ कई तरह का फजीवाडा

जबलपुर नगर निगम द्वारा करीब 2 साल पहले नक्शा निरस्त किए जाने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं क्या नियम कानून सिर्फ गरीबों के लिए है भू माफिया जब चाहे जैसा चाहे वैसा करवा सकता है,

नगर निगम जबलपुर के अनुसार बदलानी का नक्शा (पत्र क्रमांक 2022/867) दिनांक=08/12/2022 को निरस्त किया जा चुका है, एवं निगम द्वारा बदलानी को 09/12/2022 में नोटिस भी दिया गया है, जिसमें कि निगम ने साफ शब्दों में लिखा है कि बदलानी को अपना अवैध निर्माण स्वयं अलग कर लेने को कहा गया है, अन्यथा निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी उसके बाद भी आज तक ना ही बदलनी ने अवैध निर्माण अलग किया, और ना ही निगम ने किसी भी तरीके की कोई कार्रवाई की, यह एक संदेह की स्थिति पैदा करता है, निगम इस पर चुप क्यों है? सेल्फ कंपाउंडिंग के नियमों को देख कर इसकी पूरी जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में हमारे शहर में इस तरीके की कोई भी गलतियां ना की जाए जिसका की परिणाम आम जनता को भुगतना पड़े। मनोहर लाल बदलनी एवं धर्मवीर बदलनी पर किसकी मेहरबानी है या अपने पैसे के दम पर अपनी मनमानी से सारे काम करवा रहे है, यह सच भी सामने आना अभी बाकी है।

# वत्सलया बगा बनी हरियाणा की सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम की वाइस चेयरमैन

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : अंबाला छावनी में आयोजित कार्यक्रम में आज चेयरमैन विजय कुमार ने बताया कि एमएसएमई प्रोमोशन काउंसिल इंडिया का वत्सलया बंगा को हरियाणा का वा-ईस चेयरमैन हरियाणा नियुक्त किया गया। इसके साथ ही अर्चना अनेजा को जिला डायरेक्ट फोरम अंबाला, पवन अनेजा नेशनल अध्यक्ष, डिप्टी वाइस चेयरमैन यशपाल आटवल नीरज मल्होत्रा सोनीपता सनी नागपाल , भावना डिप्टी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि लोग एमएसएमई लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। एमएसएमई गवर्नमेंट व बैंकों के बीच एक ब्रिज का काम करते हैं।




उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद बैंकों का स्तर बढ़ा है। एमएसएमई के बारे में लोग सिर्फ एक छोटा सा लोन समझते हैं। एमएसएमई में 1074 सरकारी योजनाओं के तहत सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। देश की जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान एमएसएमई का है। पीएम मोदी ने जनता के यह स्कीम श शुरू की है। हमारी टीम जनता के बीच जाकर प्रचार कर रही है, ताकि लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

इस दौरान वत्सलया बंगा ने कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे दी गई है उसे पूरी ईमानदारी से किया जाएगा और विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगो तक पहुंचाई जाएगी जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सके और अपना रोजगार अपना सके।

# स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ पर्यावरण यज्ञ हवन कर मनाया शिक्षाविद का स्मृति दिवस

**: जरूरतमंद पत्रकारों के बच्चों को दी जाएगी इस वर्ष से निःशुल्क शिक्षा दीक्षा : सावित्री यादव**

**:विद्यालय से जुड़े मजदूरों के बच्चों ने भी यहाँ रचा है इतिहास :यादव**

**: विद्यालय में दी जाती है सभी को एक समान शिक्षा: यादव**

**: 167 विद्यार्थियों को दी जा रही है निःशुल्क शिक्षा :सावित्री यादव**

**: सांडो की लड़ाई के दौरान सड़क हादसे में दादरी गेट पर मृत्यु हो गई थी अतर सिंह यादव की**

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**



भिवानी। जिला प्रसाशन द्वारा जारी स्वच्छता अभियान के तहत मनाया गया शिक्षविद स्व.अतर सिंह यादव का स्मृति दिवस। इस अवसर पर सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा स्थानीय विवेकानंद हाई स्कूल प्रार्थना सभा स्थल पर स्वच्छ पर्यावरण को लेकर यज्ञ हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया और स्वच्छता व पेड़ पौधे तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विशेष आने दे बाल योगी महंत चरण दास महाराज का रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालिका सावित्री यादव व शिक्षाविद् बिजेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम में स्वागत अध्यक्ष विद्यालय प्राचार्या समी यादव एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज रहे।

गौरतलब है कि भिवानी के हनुमान ढाणी क्षेत्र में लंबे समय से शिक्षा से जुड़े हुए शिक्षाविद स्वर्गीय अतर सिंह यादव ने सलम बस्ती के क्षेत्र के लिए निःशुल्क एक छोटा सा शिक्षा का केंद्र स्थापित किया, यह शिक्षा का केंद्र वर्तमान में विवेकानंद हाई स्कूल के नाम से वटवृक्ष का रूप ले चुका है। जिसमें आज भी जरूरतमंद विद्यार्थियों को मजदूर ,खेती बाड़ी,स्लम बस्ती तबके से जुड़े हुए बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने का काम किया जा रहा है। विद्यालय में पिछले वर्ष 21 विद्यार्थियों को शिक्षाविद अतर सिंह यादव को समर्पित ज्ञानदीप पुरस्कार एवं सम्मान दिया गया। जो विद्यार्थी जरूरतमंद है और जिनके माता-पिता कोविड में नहीं रहे या अन्य हादसों में नहीं रहें,उन बच्चों को शिक्षा दीक्षा देने का काम पिछले 3 साल से विद्यालय में विद्यालय संचालिका सावित्री यादव व उनके परिवार के द्वारा किया जा रहा है। काफी बच्चे सरकार कि नीति 134ए के अनुसार निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

बालयोगी महंत चरण दास महाराज, शिक्षाविद सावित्री यादव एवं विजेंद्र यादव ने कहा कि स्लम बस्ती के इन क्षेत्रों में शिक्षा का पौधा लगाने का श्रेय स्वर्गीय अतर सिंह यादव को जाता है, जिन्होंने पांच विद्यार्थियों से इस वटवृक्ष को तैयार किया,आज इस विद्यालय से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर भारतीय सेना,पुलिस फोर्स,नेवी,शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों में अच्छे पदों पर पहुंचे हैं। यह केवल विद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि माता-पिता के लिए भी बड़े गर्व की बात है कि यहां से शिक्षा ग्रहण करके उनका बच्चा आज देश की सेवा कर रहा है।

विद्यालय संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि विद्यालय में इस वर्ष से जरूरतमंद पत्रकारों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय यहां स्कूल प्रबंधन समिति के द्वारा लिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने हमारे विद्यालय में निवेदन किया था कि पत्रकारों के बच्चों के लिए भी यहां कोई ऐसा कोष तैयार किया जाए,जिससे उनके बच्चों को ज्ञानदीप सेवा शिक्षा सम्मान से जोड़ा जा सके। भारद्वाज के निवेदन को देखते हुए इस बार यह सेवा विद्यालय में शुरू की गई है। उन बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए शिक्षाविद स्व. अतर सिंह यादव धर्माथ कोष तैयार किया गया, जिसके तहत उन जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा दिक्षा रहेगी।

इस अवसर पर विद्यालय पर आचार्य समी यादव, जोगेंद्र यादव , सुभाष यादव, वंदना यादव, सतीश कुमार यादव अजीतपुर, शिक्षा विद धर्म सिंह, सुरेंद्र कुमार तिकला,पंडित गोविन्द राम शर्मा, लेखाकार सरला यादव, सुमित मलिक,शिक्षाविद उर्मिला सैनी, बबीता देवी, कविता रानी, कविता रंगा, शकुंतला देवी, जानकी देवी, अनिता सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता अंजू शर्मा, रामा सैनी,मास्टर दयानन्द सर,अमन कुमार हलवासिया,मास्टर कपिल वर्मा, रेखा, उमा, मास्टर अमित खत्री, मुकेश शर्मा सहित गणमान्य व्यक्ति संकल्प में सामिल रहे।

# सीबीएलयू की परीक्षाएं 02 जनवरी से प्रातः कालीन सत्र की बजाय सांय कालीन सत्र में होंगी

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

भिवानी 31 दिसंबर। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की यूजी प्रथम सेमेस्टर की रीअपीयर तथा मेन की परीक्षाएं 02 जनवरी से प्रातः कालीन सत्र की बजाय सांय कालीन सत्र में होंगी । यह जानकारी चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय कि माननीय कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धमार्णी ने यूजी प्रथम सेमेस्टर की रीअपीयर तथा मेन की परीक्षाएं 02 जनवरी से प्रातः कालीन सत्र की बजाय सांय कालीन सत्र से करने का निर्णय लिया है ।

परीक्षा नियंत्रक डॉ पवन गुप्ता द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार सभी संबंधित कॉलेजों और परीक्षार्थियों इसकी सूचना भेज दी गई है।

# अभियान से जन-जन में पेयजल संरक्षण के प्रति आयेगी जागरूकता :-बोहरा

**जल चेतना अभियान 01 जनवरी से, वार्ड संख्या 09 जूना केराडू मार्ग से होगा आगाज**

बाड़मेर ।31.12.2024 ।बाड़मेर शहर में पेयजल के खुले नलों से व्यर्थ बहने वाले पानी की रोकथाम को लेकर 01 जनवरी बुधवार नूतन वर्ष से जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व जल चेतना अभियान का आगाज शहर के वार्ड संख्या 09 जूना केराडू मार्ग से किया जायेगा। जिसको लेकर बुधवार को प्रातः 9.00 बजे जल चेतना अभियान के पोस्टर विमोचन के बाद वार्ड संख्या 09 में पेयजल के खुले नलों पर वॉल लगाये जायेंगें।

अभियान के संयोजक हरीश बोथरा ने बताया कि जल चेतना अभियान के माध्यम से प्रारम्भिक तौर पर वार्ड संख्या 09 एवं 10 में खुले पेयजल नलों पर वॉल लगाए जायेंगें। ताकि पेयजल के नलों से सड़कों पर व्यर्थ बहने वाले जल को रोका जा सकें तथा दूरी व चढ़ाई वाले स्थानों पर पर्याप्त जल सप्लाई मिल सके । अभियान में डोर-टू-डोर सम्पर्क कर खुले नलों पर वॉल लगाने का कार्य किया जायेगा ।

# असम तिनसुकिया दुमदुमा चैम्बर ऑफ कॉमर्स की नई समिति का गठन।

***किशनलाल पारीक पुनः पांचवीं बार अध्यक्ष का ताजपोशी व अनुप गुप्ता पुनः दुसरी बार सचिव बनाए गए।***

**दैनिक समाज जागरण गोरखनाथ गुप्ता**

असम के तिनसुकिया जिला के चाय नगरी दुमदुमा व्यवसायियों की अन्यतम संस्था में से एक दुमदुमा चैम्बर ऑफ कॉमर्स की नई कमेटी का गठन किया



गया । दुमदुमा के होटल रोयल फिस्ट में कल शाम को आयोजित सभा में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशनलाल पारीक की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया । इस सभा में सभा सदस्यों ने करतल ध्वनि से समाजसेवी किशनलाल पारीक को पुनः पांचवीं बार बनाया जाना यह दशार्ता है कि समाज तथा व्यापारिक वर्ग में पैठ सहनशीलता, मधुर वाणी, वहीं अनुप गुप्ता को दुसरी बार सचिव बनाया गया ।इससे पूर्व सचिव प्रतिवेदन पाठ व कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया जिसे सभा ने सर्वसम्मति से पारित किया। सभा में उपस्थित सदस्यों ने चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा विगत एक वर्ष में किए गए कार्यों की सराहना की । कर्मठ सदस्य दिलीप प्रसाद उद्घोषक के रूप में उपस्थित रहकर सभा को संचालित करने में भरपूर सहयोग दिया। दुमदुमा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के आयोजित सभा में वर्ष 2025 के लिए नवनिर्वाचित समिति में किशनलाल पारीक को अध्यक्ष , दिलीप प्रसाद एवं राज कुमार गाड़ोदिया को उपाध्यक्ष, अनुप गुप्ता को सचिव , अशोक चौधरी एवं विकास (चिन्टु) अग्रवाल को सह सचिव, राजेश (डेविड) अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा मोनु अग्रवाल को प्रचार सचिव बनाकर एक आठ सदस्यीय समिति का गठन किया गया ।कार्यकारिणी के बाकी सदस्यों कि चयन बाद में किया जाएगा । इस कार्यक्रम में दुमदुमा के वरिष्ठ पत्रकार अर्जुन बरुआ, वरिष्ठ चिकित्सक प्रणव ज्योति डेका, दुमदुमा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज दत्त ,वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत खटनीयार ,पत्रकार दिनेश गोयल ने अपने वक्तव्य में चैंबर ऑफ कॉमर्स के नई गठित कमेटी को बधाई दी। समाजसेवी व मिलनसार किशनलाल पारीक को पुनः पांचवीं बार अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यापारी वर्ग की विभिन्न समस्यायों पर चर्चा कि गई। दुमदुमा चेम्बर्स आफ कामर्स अपनी व्यापारिक वर्ग कि समस्यायों के साथ सामाजिक कार्य भी करते रहते हैं।

नवनियुक्त सभापति श्री पारीक ने बताया कि आने वाले वर्ष में समाहित में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे , कैंसर से पीड़ित रोगी को कुछ आर्थिक मदद किया जाएगा।विगत वर्ष शिक्षा तथा अन्य सामाजिक कार्य भी में आर्थिक मदद किया इस वर्ष भी अंचल के आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए रुपरेखा तैयार किया है।

आगामी नववर्ष को देखते हुए समिति ने केक काटकर सभी ने जश्न मनाया । इस के पश्चात एक भोज का आयोजन किया गया । जिसमें दुमदुमा के गणमान्य लोग उपस्थित थे ।इस कार्यक्रम में माकुम से आये गायक अमीत पाल ने अपने संगीत से उपस्थित जनों का भरपूर मनोरंजन किया।

# नववर्ष के उपलक्ष्य मे मां भगवती का कीर्तन आज

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर कालांवाली के प्रारांण में हर साल कि तरह से बार भी नववर्ष के उपलक्ष्य मे मां भगवती का कीर्तन मंदिर कमेटी के सदस्यों के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त जानकारी



श्री दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नरेश कुमार (शशी) ने देते हुए बताया कि शहरवासीयों व ईलाके की सुख शांति को लेकर 1जनवरी की रात्री को व नववर्ष के आगमन की खुशी के अवसर पर मां भगवती का कीर्तन व लक्की ड्रा0 प्रतियोगिता करवाई जाएगी ' जिसमें विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया जाऐगा। मां भगवती के दरवार मे राज निमाणा एवं कन्हैया म्युजीकल ग्रुप अपनी हाजरी लगाऐगें। इस मौके पर पं. शम्मी शर्मा, पं. बंटी शर्मा, विक्की बांसल, पवन बागड़ी,कृष्ण गर्ग, समाजसेवी चरनदास चन्नी, मंदिर कमेटी के प्रमुख मीडिया प्रभारी राजवीर सिंह आदि मौजुद रहे।






















































## नए साल पर गोवा में क्यों पसरा सन्नाटा? होटल से लेकर सड़कें तक खाली, वजह जानकर आप भी नहीं जाना चाहेंगे

नई दिल्ली. पूरी दुनिया जहां नए साल के जश्न में डूबी है. वहीं गोवा की सड़कें और समुद्री किनारे खाली नजर आ रही हैं. लोगों को अपनी आखों पर यह देखकर भरोसा नहीं हो रहा कि एक समय जो शहर नए साल की पूर्व संध्या और नए साल के मौके पर गुलजार रहता था, वो आज वीरान पड़ा हुआ है. पबों और होटलों में भी कुछ खास भीड़ नहीं है. इसी से जुड़ा हुआ गोवा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें नए साल के अवसर यहां के स्ट्रीट सुनसान पड़े हुए हैं.

# वॉट्सएप स्टेटस से लेकर एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक रील पर तेजी से लोकप्रिय हो रहीं महाकुम्भ की रील्स

### मीडिया ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी महाकुम्भ आयोजन को लेकर बढ़ता जा रहा क्रेज

### बच्चे, पुरुष, महिलाओं और बुजुर्गों समेत हर वर्ग महाकुम्भ की रील्स और स्टेटस कर रहा शेयर

महाकुम्भनगर, 31 दिसंबर : नए साल पर महाकुम्भ लोगों का स्टेटस सिंबल बन गया है। बच्चे हों, पुरुष हों या फिर महिलाएं, महाकुम्भ सभी की पहली पसंद बन चुका है। सोशल मीडिया पर एक्टिव लोग अपने स्टेटस पर महाकुम्भ से जुड़ी रील्स और वीडियोज को शेयर कर रहे हैं। महाकुम्भ का क्रेज इस कदर है कि सोशल मीडिया पर महाकुम्भ से संबंधित रील्स और वीडियोज तेजी से वायरल भी हो रहे हैं।

### मेले के सौंदर्यीकरण से लोग प्रभावित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार के महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए यहां प्रयागराज में युद्धस्तर पर कार्य हो रहे हैं। घाटों और सड़कों के सौंदर्यीकरण के साथ ही बड़े पैमाने पर पांटून ब्रिज बनाने का कार्य प्रगति पर है। सभी 25 के 25 सेक्टर्स में शिविरों का निर्माण हो रहा है। पूरा मेला क्षेत्र रात के समय 67 हजार से ज्यादा लाइट्स से दमक रहा है। सोशल मीडिया पर एक्टिव सामान्य लोग हों या फिर इंफ्लुएंसर्स, सभी मेला क्षेत्र के इस सौंदर्य को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं और फिर इन वीडियोज की रील्स बनाकर इन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के साथ शेयर किया जा रहा है। इन्हीं वीडियोज और रील्स को लोग अपने वाट्सएप, फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया टूल्स पर स्टेटस के रूप में भी सेव कर रहे हैं।

### तेजी से बढ़ रहे हैं व्यूज

वॉट्सएप स्टेटस से लेकर एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक रील्स पर महाकुम्भ सबसे ज्यादा लोकप्रिय हो रहा है। महाआयोजन करीब आते देख लोग तरह तरह के ऑडियो और वीडियो अपने सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं। इसे अपने परिवार के साथ दोस्तों और करीबियों के साथ विदेशों तक खूब शेयर भी कर रहे हैं। सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स के अनुसार इस समय लोग महाकुम्भ की इमेज,ऑडियो और वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं। यहां जो तैयारियां चल रही हैं वो वाकई बहुत अद्भुत हैं। इसकी वजह से हर कोई महाकुम्भ के विषय में अधिक से अधिक जानना और सुनना चाहता है। महाकुम्भ से जुड़े वीडियोज और रील्स के व्यूज बहुत तेजी से बढ़ते हैं,